DAINIK SAVERA

Dt 10/9/15

# हर विभाग कौशल विकास कार्यक्रमों को आगे आए : खंडेलवाल

चंडीगढ़, 9 सितम्बर (आहूजा): हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग की प्रधान सचिव धीरा खंडेलवाल ने कहा कि राज्य सरकार के हर विभाग को कौशल विकास कार्यक्रमों को आरंभ करने के लिए आगे आना चाहिए, ताकि युवाओं को उनकी क्षमताओं के अनुसार प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार मुहैया करवाया जा सके।

खंडेलवाल संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम स्वीडन की आई.के.ई.ए. फाऊंडेशन तथा हरियाणा सरकार के विभागों के प्रतिनिधियों के साथ आज यहां आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। आई.के.ई.ए. फाऊंडेशन के क्लिमैंट, यू.एन.डी.पी. सलाहकार श्री हर्ष, एक्सवायएनटीईओ नार्वे से कांता सिंह, सुश्री मीता ब्रोका और सुश्री ओयुयांग जिन तथा मलेशिया के बीएबल से प्रशांत कुमार भी बैठक में उपस्थित थे।

बैठक में हरियाणा की महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार और उद्यमशीलता के अवसर प्रदान करने की कार्य योजना पर चर्चा की गई। खंडेलवाल ने बताया कि इस दिशा में एक समझौता ज्ञापन 14

## बैठक के दौरान प्रधान सचिव ने दिया सुझाव

जुलाई 2015 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल की उपस्थिति में हरियाणा कौशल विकास मिशन और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के बीच हस्ताक्षर किया गया था। समझौता ज्ञापन के अनुसार प्रदेश के एनसीआर क्षेत्र में महिलाओं के लिए कौशल विकास, रोजगार और उद्यमशीलता के लिए अवसर पैदा करने के प्रयास किए जाएंगे।

इस कार्यक्रम में महिलाओं, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों, किसी कारणवश स्कूल छोड़ने वाले बच्चों, विकलांग व्यक्तियों तथा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा।

बैठक में पंकज अग्रवाल, महानिदेशक, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, सुभाष चंद्रा, महानिदेशक, तकनीकी शिक्षा विभाग और विजयेंद्र कुमार, प्रबंध निदेशक, हरियाणा इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (हारट्रॉन) भी शामिल थे।

DAINIK TRIBUNE

Dt — 10/9/15

तकनीकी शिक्षा विभाग का स्किल काउंसिल से करार

# हुनर के अनुसार रोजगार देने की कवायद शुरू



चंडीगढ़ में तकनीकी शिक्षा विभाग की प्रधान सचिव धीरा खंडेलवाल कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करती हुईं। -ट्रिब्यू

चंडीगढ़, 9 सितंबर(ट्रिन्यू)

राज्य के युवाओं के कौशल विकास एवं उनके परम्परागत हुनर के अनुरुप रोजगार के अवसर दिलाने के लिये प्रदेश के तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत हरियाणा कौशल विकास मिशन (एचएसडीएम) और अपैरल मेड-एप्स एंड होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल के बीच समझौता हुआ है।

तकनीकी शिक्षा विभाग की प्रधान सचिव धीरा खंडेलवाल की अध्यक्षता में बुधवार को विभाग के निदेशक सुभाष गोयल और स्किल काउंसिल के सीईओ व महानिदेशक डॉ. रूपक वशिष्ठ ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन के तहत हरियाणा कौशल विकास मिशन के सभी प्रशिक्षण प्रदाता अपैरल मेड-अप्स एंड होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल के राष्ट्रीय व्यावसायिक मानकों के अंतर्गत पाठ्यक्रम के अनुरूप इस क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए सामंजस्य स्थापित करेंगे। पाठ्यक्रम का मुल्यांकन एवं प्रमाणिकरण अपैरल मेड-अप्स एंड होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल द्वारा किया जाएगा।

यह कार्यक्रम केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार के स्किल्ड इंडिया और मेक इन इंडिया कार्यक्रमों को सफल बनाने में अहम योगदान देगा।

DAINIK JAGRAN
DH - 10/9/15

डीगढ़, 10 सितंबर 2015

हरियाणा जागरण

# कौशल विकास के लिए समझौता

◆ हरियाणा कौशल विकास मिशन ने किया निजी कंपनी के साथ पांच साल का अनुबंध



यूनाइटेड नेशन डवलपमेंट प्रोग्राम के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करती तकनीकी शिक्षा विभाग की प्रधान सचिव डॉ. धीरा खंडेलवाल।

राज्य ब्यूरो, चंडीगढ़ : युवाओं के कौशल विकास और उनके परंपरागत हुनर के अनुरूप रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने को हरियाणा कौशल विकास मिशन (एचएसडीएम) और अपैरल मेड-एप्स एंड होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल (एएमएचएसएससी) के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग की प्रधान सचिव धीरा खंडेलवाल की उपस्थिति में हरियाणा कौशल विकास मिशन के निदेशक सुभाष गोयल और काउंसिल के सीईओ व महानिदेशक डॉ. रूपक वशिष्ठ ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। पाठ्यक्रम का मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण काउंसिल द्वारा किया जाएगा।

काउंसिल द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रमाणपत्र की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होगी।

इनके आधार पर हरियाणा के युवाओं को न केवल देश, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रोजगार मिल सकेंगे। हरियाणा कौशल विकास मिशन वर्ष 2015-16 में युवाओं को काउंसिल द्वारा प्रशिक्षित और प्रमाणित कराएगा।